# एचआरएडब्ल्यूआई ने एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी से राहत के लिए प्रधानमंत्री से की अपील

## वाणिज्यिक एलपीजी पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करनें का अनुरोध

मुंबई,संवाददाता। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया (एचआरएडब्ल्यूआई) ने माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी को एक अभ्यावेदन प्रस्तुत करकें तरल पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की लागत में हाल में हुए असामान्य वृद्धि से रेस्तरां के लिए तत्काल राहत देनें का अनुरोध किया है। एसोसिएशन ने कहा है कि एलपीजी रेस्तरां उद्योग की सबसे आवश्यक आवश्यकताओं में से एक है, इसकी लागत में भारी वृद्धि से अन्य सभी आवश्यक वस्तुओं की दरों में भी वृद्धि हुई है। एलपीजी की लागत में भारी वृद्धि से रेस्तरां में बेचे जाने वाले खाद्य पदार्थों की कीमत में वृद्धि होगी जिसका प्रभाव सीधे ग्राहक पर पड़ेगा। विशेष रूप से स्टैंडअलोन रेस्तरां के लिए जो निम्न व मध्यम वर्ग के लिए सस्ती कीमतों पर खाद्य पदार्थ उपलब्ध करते हैं उन पर ज्यादा असर पड़ेगा। इसलिए एचआरएडब्ल्यूआई ने अनुरोध किया है कि स्टैंडअलोन रेस्तरां के लिए एलपीजी पर कर की दर मौजूदा 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत की जाए। एचआरएडब्ल्यूआई के अध्यक्ष शेरी भाटिया ने कहा,'अधिकांश स्टैंडअलोन रेस्तरां किफायती दरों में मध्यम और निम्न वर्ग को खाना उपलब्ध कराते हैं। घर से बाहर होते समय अपने दैनिक भोजन के लिए ऐसे भोजनालयों पर निर्भर रहने वाला मजदूर वर्ग भोजन पर अधिक खर्च नहीं कर सकता। वर्तमान में, वाणिज्यिक एलपीजी पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है। कर का बोझ भोजन की लागत में वृद्धि करता है क्योंकि स्टैंडअलोन रेस्तरां को आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) में रियायत नहीं मिलती है। इसलिए, हम चाहतें हैं कि स्टैंडअलोन रेस्तरां के लिए एलपीजी पर कर की दर को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया जाए और माननीय प्रधान मंत्री से अनुरोध करते हैं कि वे इसमें हमारा समर्थन करें ताकि हम रोज़मर्रा के लोगों को किफायती भोजन उपलब्ध करना जारी रख सकें।